<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार आज रांची में झारखंड के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों, सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह सन्धु भी मौजूद हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश केंद्र और राज्य की प्रवर्तन एजेंसियों को दिये। आयोग ने राज्य में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने के निर्देश राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी और राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के नोडल अधिकारी को दिये।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा दो दिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे हैं। श्री सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में चुनाव कब होगा यह चुनाव आयोग को तय करना है, भाजपा इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शिवेंदू अधिकारी आज धनबाद जिले में सिंदरी के बलियापुर में परिवर्तन यात्रा सभा में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा के लिए यहां भाजपा की सरकार जरुरी है।

गोड्डा और बोकारो में आज भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह सभा परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे।

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में किसानों और किसान संगठनों के साथ बातचीत की। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान संगठनों ने फसलों की कीमतों तथा फसल बीमा के संबंध में अनेक सुझाव दिये।

****

झारखंड समेत पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत आज कोडरमा के बलरोटांड मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य कुपोषण के खिलाफ लोगों में जागरुकता लाना है।

****

दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का 8वा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। दुमका के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति क्षिति भूषण दास उपस्थित थे। राज्यपाल ने 63 टॉपर छात्र छात्रों को गोल्ड मेडल और 73 पीएचडी शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने शोध को बढ़ावा देने पर बल दिया।

****

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव का शपथ ग्रहण समारोह कल आयोजित किया जायेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलायेंगे।

*******समाप्त**************